CRRI NEWSLETTER

CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
CUTTACK (ORISSA) 753 006, INDIA

Phone: 91-671-2367768-83 | *Fax:* 91-671-2367663 | *Telegram:* RICE
Email: crrictc@nic.in *or* directorcrri@sify.com
URL: http://www.crri.nic.in

Vol.31; No.4/2010 ISSN 0972-5865 October-December 2010

National Symposium Organized

The Central Rice Research Institute (CRRI), Cuttack and Association of Rice Research Workers (ARRW), Cuttack jointly organized the National Symposium on "Sustainable Rice Production System under Changed Climate" from 27-29 Nov 2010, which was attended by 200 rice researchers from the country and abroad. Dr Damodar Rout, Hon'ble Minister of Agriculture, Government of Odisha inaugurated the symposium and called upon the scientists to develop appropriate technology for maintaining agricultural biodiversity. Valuable recommendations were made to combat the ill-effects of climate change in sustainable rice production. On the eve of symposium, on 24 Nov 2010 a Press Meet was held to highlight the relevance of the symposium. Drs T.K. Adhya, Director, CRRI and S.K. Mohanty, President, ARRW addressed the media. The symposium events, deliberations and recommendations were highlighted by print and electronic media.

राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन

केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक तथा चावल अनुसंधान कार्मिक संघ, कटक द्वारा संयुक्त रूप से २७ से २९ नवंबर २०१० के दौरान 'परिवर्तित जलवायु के अंतर्गत टिकाऊ चावल उत्पादन प्रणाली' विषय पर राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया गया जिसमें देश तथा विदेश के विभिन्न भागों से लगभग २०० चावल शोधकर्ताओं ने भाग लिया। डॉ.दामोदर राउत, माननीय कृषि मंत्री, उड़ीसा सरकार ने परिसंवाद का उद्घाटन किया तथा जैवविविधता को कायम रखने के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी के विकास के लिए वैज्ञानिकों से आह्वान किया। टिकाऊ चावल उत्पादन में परिवर्तित जलवायु के बुरे प्रभावों का सामना करने के लिए महत्वपूर्ण सिफारिशें की गईं। इस परिसंवाद के पहले २४ नवंबर २०१० को परिसंवाद की प्रासंगिकता को रेखांकित करने के लिए एक प्रेस बैठक आयोजित की गई। डॉ.टी.के. आध्या, निदेशक, सीआरआरआरआई तथा डॉ.एस.के. महांती, अध्यक्ष, चावल अनुसंधान कार्मिक संघ ने मिडिया को संबोधित किया। प्रिंट एवं इलैक्ट्रोनिक मिडिया द्वारा परिसंवाद से संबंधित विषयों, व्याख्यानों तथा सिफारिशों को रेखांकित किया गया।

IRC Field Visit

Dr T.K. Adhya, Director and Chairman, IRC and Members of the Institute Research Council (IRC) visited the field trials and net houses of the projects under all programmes on 22, 25 and 26 Oct 2010. The Chairman appreciated the efforts made in conducting/maintaining field experiments at the institute and also suggested project wise specific measures to improve them further.

Chairman and Members of IRC visiting field experiments at the institute.

आईआरसी द्वारा खेत परिदर्शन

अध्यक्ष, डॉ.टी.के. आध्या, निदेशक, सीआरआरआई तथा अनुसंधान प्रबंधन परिषद के सदस्यों ने २२, २५ तथा २६ अक्टूबर २०१० को सभी कार्यक्रमों के अंतर्गत परियोजनाओं के क्षेत्र परीक्षणों एवं जालीघरों का दौरा किया। अध्यक्ष महोदय ने सुसंचालित/सुसंपोषित क्षेत्र परीक्षणों की सराहना की। अध्यक्ष महोदय ने परीक्षणों की समीक्षा की तथा इसमें आगे और सुधार लाने के लिए परियोजनावार विशिष्ट उपायों का सुझाव दिया।

Women in Agriculture Day Celebrated

The CRRI KVK at Santhapur, Cuttack organized a one-day function on the occasion of Women in Agriculture Day, to sensitize the farm women on their capacity and opportunities at village Mania of Tangi-Chowduwar block on 4 Dec 2010. The theme of the day "Technologies for Farm Women in Homestead Enterprises" was focused through experience sharing, field study, demonstrations, inspirational talks, success stories and quiz competition. Dr S.G. Sharma, Head, BPES, CRRI inaugurated the programme and Shri K.M. Padhi, DDA, Cuttack was the Guest of Honour. Two hundred farmwomen were participated in the programme and expressed their eagerness to try the technologies in their homesteads.

Dr. S.G. Sharma addresses the gathering.

महिला कृषि दिवस

कृषि विज्ञान केंद्र, संथपुर ने ४ दिसंबर २०१० को महिला कृषि दिवस के अवसर पर टांगी चौद्वार प्रखंड के मनिया गांव में महिला किसानों की अपनी क्षमता तथा अवसरों को सुग्राही बनाने के लिए एक समारोह का आयोजन किया। अपने वासक्षेत्र उद्योगों में महिला किसानों के लिए अनुभव बांटने, क्षेत्र अध्ययन, प्रदर्शनों, प्रेरणादायक व्याख्यान, सफल कहानी तथा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के माध्यम से प्रौद्योगिकियों पर जोर दिया गया। डॉ.एस जी शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा समारोह में श्री के.एम. पाढ़ी कृषि उप-निदेशक, कटक सम्मानीय अतिथि थे। इसमें लगभग २०० कृषक महिलाओं ने भाग लिया तथा अपने -अपने वासक्षेत्र में इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने की उत्सुकता प्रकट की।

Hindi Fortnight Observed

The Hindi Fortnight was observed from 14 to 29 Sep 2010 at the institute. During the period five Hindi competitions such as writing, reading, technical word writing, noting-draft-

हिंदी पखवाड़ा आयोजित

हिंदी पखवाड़ा का आयोजन १४ से २९ सितंबर २०१० तक मनाया गया। हिंदीतर भाषी कर्मचारियों के लिए शुद्ध एवं शीघ्र हिंदी लेखन, हिंदी पाठ-पाठन, हिंदी तकनीकी शब्द लेखन, हिंदी प्रश्नोत्तरी तथा हिंदी

ing and quiz were organized among the staff whose mother tongue is other than Hindi. The closing ceremony was held on 1 Oct 2010, where Dr Ajay Kumar Patnaik, Former Head of Department of Hindi, Ravenshaw University, Cuttack was the Chief Guest. On this occassion a "*Hindi Kavita Paath*" programme was organized wherein Shri J.P. Gupta, Ex-Honorary Professor (English), Bhadrak College, Bhadrak and Shri Vimal Mishra, Senior Hindi Teacher, Hindi Teaching Scheme, Cuttack, Dr S.G. Sharma, Head, BPES, CRRI and Dr Rahul Tripathy, Scientist, CRRI participated. At the end of the function cash prizes were distributed to the winners of the Hindi competitions. Dr K.S. Rao, Head, Crop Production presided over the function.

टिप्पण एवं प्रारूपण कुल पांच प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर *हिंदी कविता पाठ* का भी आयोजन किया गया जिसमें चार कवियों श्री जे.पी. गुप्ता, भूतपूर्व प्रोफेसर (अंग्रेजी), भद्रक महाविद्यालय, भद्रक, श्री विमल मिश्र, वरिष्ठ हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, कटक, डॉ.राहुल त्रिपाठी, वैज्ञानिक तथा डॉ.एस जी शर्मा, अध्यक्ष, जीवरसायन, पौध कार्यिकी तथा पर्यावरण प्रभाग ने भाग लिया। इसका समापन समारोह १ अक्टूबर २०१० को मनाया गया। डॉ. अजय कुमार पटनायक, भूतपूर्व अध्यक्ष, हिदीं विभाग, रेवेंशा विश्वविद्यालय, कटक इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने सभा को संबोधित किया तथा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया। डॉ.के.एस. राव ने समारोह की अध्यक्षता की।

Vigilance Awareness Period

Vigilance Awareness Period from 25 Oct to 1 Nov 2010 began with taking a pledge by the staff. Dr T.K. Adhya, Director administered the pledge and Shri D. Moitra, Chief Administrative Officer read out a message from the Central Vigilance Commissioner, Government of India. To mark the week, an essay competition on "*Generation of Awareness and Publicity against Corruption*" (in English, Hindi and Oriya) was organized. Shri Manmohan Praharaj, IPS, Director General of Police, Government of Odisha graced the concluding function as Chief Guest and spoke on "*Information Delivery to the Citizens and Transparency in the System as Measures to Curb Corruption*." He gave away the certificates and cash prizes to the winners of the essay competition.

सतर्कता जागरूकता अवधि आयोजित

सीआरआरआई, कटक के कर्मचारियों ने २५ अक्टूबर २०१० से १ नबंवर २०१० के दौरान सतर्कता जागरूकता अवधि का पालन किया। डॉ.टी.के. आध्या, निदेशक, सीआरआरआई ने सभी स्टाफ सदस्यों को प्रतिज्ञा-पाठ कराया। श्री देवाशिस मैत्र, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने भारत सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयुक्त से प्राप्त संदेश का पठन किया। इस अवसर पर '*जागरूकता उत्पन्न तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रचार*' विषय पर उड़िया, हिंदी एवं अंग्रेजी में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्री मनमोहन प्रहराज, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक, उड़ीसा सरकार समापन समारोह में मुख्य अतिथि थे तथा उन्होंने '*नागरिकों को सूचना प्रदान तथा भ्रष्टाचार की रोकथाम हेतु प्रणाली में पारदर्शिता*' विषय पर कहा। उन्होंने निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया।

Dr (Mrs) Karabi Datta delivering her talk.

Gopinath Sahu Memorial Lecture

Dr (Mrs) Karabi Datta, Professor, Department of Botany, University of Calcutta, Kolkata delivered the 19th Gopinath Sahu Memorial Lecture on "*Designer GM Rice*" on 2 Nov 2010. Dr T.K. Adhya, Direc-

गोपीनाथ साहु स्मारक व्याख्यान

डॉ.(श्रीमती) करबी दत्ता, प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, कोलकाता विश्वविद्यालय, कोलकाता ने २ नवंबर २०१० को 'डिजाइनर जीएम चावल' विषय पर १९ वां गोपीनाथ साहू स्मारक व्याख्यान दिया।

tor and Prof. B. Jena, President, Dr Gopinath Sahu Memorial Trust also spoke on the occasion.

Kisan Call Centre Review Meeting Held

Monthly Review Meeting of the Kisan Call Centre of Odisha was held at the Institute on 16 Dec 2010. Dr K.S. Rao, Head, Crop Production, Shri R.C. Swain, Joint Director of Agriculture (Information), Government of Odisha and other members attended the meeting and reviewed the progress.

डॉ.टी.के.आध्या, निदेशक तथा प्रोफेसर बी. जेना अध्यक्ष, डा गोपीनाथ साहू स्मारक न्यास ने भी इस अवसर पर व्याख्यान दिया।

किसान कॉल सेंटर समीक्षा बैठक

ओडिशा राज्य के किसान कॉल सेंटर की मासिक समीक्षा बैठक १६ दिसंबर २०१० को केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान कटक में संपन्न हुई। डॉ.के.एस. राव, अध्यक्ष फसल उत्पादन प्रभाग, सीआरआरआई, कटक; श्री आर.सी. स्वाईं, कृषि संयुक्त निदेशक (सूचना), ओडिशा सरकार तथा अन्य सदस्यों ने बैठक में भाग लिया तथा प्रगति की समीक्षा की।

Ex-CRRI Scientist Honoured

Dr K.S. Murty, globally recognized for his work on "Production Physiology of Rice" received the *Life Time Achievement Award* in Plant Physiology at the ISPP National Conference held at BHU, Varanasi on 25 Nov 2010. Dr Murty served this institute for 38 years in several capacities including Head, Department of Plant Physiology from 1972 to 1988. CRRI family is proud of Dr Murty and wishes him a long life.

Dr K.S. Murty (on right) receiving the Life Time Achievement award.

सीआरआरआई के भूतपूर्व वैज्ञानिक सम्मानित

डॉ.के.एस. मूर्ति को चावल के उत्पादन कार्यिकी में अपने कार्यों के कारण २५ नवंबर २०१० को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय पौध कार्यिकी सम्मेलन में भारतीय पौध कार्यिकी संघ की ओर से *''लाइफ टाइम एचीवमेंट अर्वाड''* से नवाजा गया। डॉ. मूर्ति, भूतपूर्व वैज्ञानिक, सीआरआरआई में ३८ वर्षों तक अनुसंधान कार्य किया तथा वे संस्थान में पौध कार्यिकी प्रभाग के अध्यक्ष के रूप में वर्ष १९७२ से १९८८ तक कार्य करने के अतिरिक्त कई अन्य कार्यभार भी निभाया। सीआरआरआई परिवार डॉ. मूर्ति से गौरान्वित है तथा लंबी आयु के लिए कामना करता है।

CRRI at the ICAR Inter-Zonal Meet

The CRRI participated in the ICAR Inter-Zonal Final Meet at CAZRI, Jodhpur from 9-13 Nov 2010. In the team event, the institute got the first position in 4 x 100 m relay race (men) and Kabaddi championship trophy for the fourth time in-a-row. In individual events, Shri P. K. Parida got first position in 100 m race (men), 400 m race (men) and second position in 200 m race (men), was adjudged the Best Athlete of the tournament for the third time in succession,

आईसीएआर अंतर्क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागिता

सीआरआरआई, कटक ने ९ से १३ नवंबर २०१० के दौरान काजरी, जोधपुर में आयोजित आईसीएआर अंतर्क्षेत्रीय अंतिम खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। कबड्डी दल ने चैंपियनशीप खिताब को बरकरार तथा सफलतापूर्वक लगातार चार बार जीता। सीआरआरआई ने ४ x १०० मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिक खेलों में श्री पी के परिडा ने १०० मीटर दौड़ (पुरुष) तथा ४०० मीटर दौड़ (पुरुष) में प्रथम स्थान तथा २०० मीटर दौड़ (पुरुष) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्री एस. प्रधान को ८०० मीटर दौड़ (पुरुष) में प्रथम

Shri S. Pradhan secured first position in 800 m race (men) and second position in 1500 m race (men), Smt. Rojalia Kido got second position in javeline (women) and third position in discuss (women), Miss Sabita Sahoo secured third position in discuss (women). Shri R.K. Sahu was the Chief-de-Mission and Shri S.K. Mathur the Manager.

e-Pest Surveillance in Rice

The villages Amjor and Kuturichhack of Kalahandi district and village Redgul of Titilagarh block were severely infested by BPH while Kaudulla of Kalahandi district, Dabugaon of Nawarangpur district, Narendra of Sundergarh district and Danra, Balma and Mordan of Deogarh district of Odisha were severely infected with blast. Some villages of Koraput district were severely infested with YSB, LF and blast. The project covering 13 districts of Western Odisha took up e-Pest surveillance, pest forecasting and timely application of control measures. Although the Swarming Caterpillar was found in the farmer fields but remained under control due to active surveillance and timely intervention.

Characterization of Rice Germplasm

Five hundred seven germplasm accessions were characterized for their morpho-agronomic characters where both the qualitative and quantitative traits were recorded. The leaf length varied from 25.6 cm (AC 8199) to 75.3 cm (AC 9756), the leaf from 0.6 cm (AC 8810) to 1.73 cm (AC 9451), the ligule length from 1.16 cm (AC 8142) to 4.26 cm (AC 9261), the plant height from 73.3 cm (AC 9167) to 191.6 cm (AC 9268), the culm number from 5.3 (AC 9054) to 15 (AC 8589) and the days to fifty percent flowering ranged from 75 (AC 8930) to 140 days (AC 9732). The single plant yield ranged from 3.5 gm (AC 8156) to 23 gm (AC 9807), panicle weight from 1.5 gm (AC 9136) to 5.5 gm (AC 8813), panicle length from 17.3cm (AC 9080) to 31.6 cm (AC 8830) and grain number from 57.3 (AC 8968) to 301 (AC8810).

Identification and Mapping of QTLs for Yield Against YSB

Out of 197 F_2 plants from the cross, Lititpiti/TN1 for oviposition orientation by gravid female of YSB, 155 F_2 plants showed no egg mass and the remaining

स्थान तथा १५०० मीटर दौड़ (पुरुष) में द्वितीय स्थान मिला। श्रीमती रोजालिया किडो को जावेलिन (महिला) में द्वितीय स्थान तथा डिस्कस (महिला) में तृतीय स्थान मिला। सुश्री सविता साहू को डिस्कस (महिला) में तृतीय स्थान मिला। श्री प्रदीप कुमार परिड़ा को खेत-प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। उनको यह खिताब लगातार तृतीय बार मिला है। श्री आर.के. साहू चिफ-डी-मिशन तथा श्री एस.के. माथुर प्रबंधक थे।

चावल में ई-पेस्ट निगरानी

ओडिशा के कालाहांडी जिले के आमजोर तथा कुटुरिछक गांवों में तथा टिटलागढ प्रखंड के रेड़गुल गांव में फसलों में भूरा पौध माहू का गंभीर प्रकोप देखा गया जबकि कालाहांडी जिले के कौदुला, नवरंगपुर जिले के दाबुगांव, सुंदरगढ़ के नरेंद्र तथा देवगढ जिले के दानरा, बलमा एवं मोरदान गांव में प्रध्वंस रोग का गंभीर प्रकोप पाया गया। कोरापुट जिले के कुछ गांवों में पीला तना छेदक, पत्ता मोड़क तथा प्रध्वंस का गंभीर प्रकोप हुआ। इस परियोजना में पश्चिम ओडिशा के १३ जिलों में ई-पेस्ट निगरानी, कीट पूर्वानुमान तथा नियंत्रण के उपायों का समय पर उपयोग किया गया। यद्यपि, किसानों के खेतों में अधिक तादाद में इल्लियां पाई गई तथापि, सक्रिय निगरानी एवं समय पर इस ओर ध्यान देने के कारण उनका नियंत्रण हो सका।

चावल जननद्रव्य का लक्षणवर्णन

पांच सौ सात जननद्रव्य प्रविष्टियों का कृषि आकारिकीय विशेषताओं के लिए लक्षणवर्णन किया गया जिसमें गुणात्मक तथा परिमाणात्मक लक्षणों को अभिलेखित किया गया। पत्ते की लंबाई २५.६ से.मी. (एसी ८१९९) से ७५.३ से.मी. (एसी ९७५६), पत्ते की चौड़ाई ०.६ से.मी. (एसी ८८१०) से १.७३ सेमी (एसी ९४५१), जीभिका की लंबाई १.१६ से.मी. (एसी ८१४२) से ४.२६ से.मी. (एसी ९२६१), पौधे की ऊंचाई ७३.३.से.मी. (एसी ९१६७) से १९१.६ से.मी. (एसी ९२६८) रही तना संख्या ५.३ (एसी ९०५४) से १५ (एसी ८५८९) पाई गई तथा ५०% तक फूल लगने का दिन ७५ (एसी ८९३०) से १४० दिन (एसी ९७३२) के बीच पाया गया। एकल पौधे की उपज ३.५ ग्रा. (एसी ८१५६) से २३ ग्रा (एसी ९८०७) पाई गई, बाली का वजन १.५ ग्रा (एसी ९१३६) से ५.५ ग्रा. (एसी ८८१३) पाया गया, बाली की लंबाई १७.३ से.मी (एसी ९०८०) से ३१.६ से.मी. (एसी ८८३०) तथा दाने की संख्या ५७.३ (एसी ८९६८) से ३०१ (एसी ८८१०) पाई गई।

उपज के लिए पीला तना छेदक के विरुद्ध क्यूटीएलों का चित्रण एवं पहचान

लिटिटपिटी/टीएन १संकरण से परीक्षण किए गए १९७ एफ$_२$ पौधें में से १५५ एफ$_२$ पौधों में पीला तना छेदक कीटों के अंड समूह देखने को नहीं मिला तथा बाकी में छोटा, मध्यम तथा बड़ा अंड समूह दिखाई

showed egg mass in small, medium and big sizes. Similarly, screening of 147 F_2 plants from the cross Nalihazara/TN1 for YSB at flowering stage showed white ear head in 134 F_2 plants.

Development of Transgenic Rice

An attempt was made to develop transgenic rice by incorporating *Cry1A*abc gene that can confer resistance to Yellow stem borer. Highly embryogenic calli derived from rice Swarna were bombarded with gold particles coated with *Cry1A*abc gene construct and of the 770 calli placed for selection, 150 calli survived and are currently in the second cycle of selection.

In another experiment, highly embryogenic calli derived from rice Gayatri and Swarna were co-cultivated with *Agrobacterium* strain LBA4404 having *pDREB1A*. One hundred twenty and 150 calli respectively of the genotypes are on pre-regeneration media.

Transgenic PusaBasmati-1 plants found positive for the desired genes T. Chitinase and Chi-11, were taken as donor parents and were crossed with rice Swarna and Gayatri to get the F_1 hybrids. Rice Swarna and Gayatri are being used as recurrent parents for transfer of transgenes into the respective backgrounds. Now BC_4 generation plants are available in rice Swarna and BC_1 plants in rice Gayatri.

Influence of Crop Establishment Techniques on Insect Pest and Predators

Influence of crop establishment techniques on insect pest and predators was studied on rice cv Lalat planted under conventional method and SRI method of cultivation. Gundhi bug (5/sweep), and stem borer damage (2.8% WEH) was more in the crop grown under conventional method when no damage was observed in SRI plot. GLH population was 4.2/sweep in SRI plot compared to 1.4/sweep in conventionally grown crop. Among predators, Damselfly was 4/sweep in SRI, 6.4 in conventionally grown plot, whereas spider population was 1.6/sweep in SRI and 0.6/sweep in conventional plots.

Identification of New Sources of Resistance/tolerance to Major Insect Pests

During screening for YSB resistance under net house condition by artificial infestation method in *Kharif* 2010, three accessions *viz.*, AC 42567, AC 42578 and AC 42581 were found to be highly resistant to YSB

दिया। उसी प्रकार पीला तना छेदक के लिए नालीहजार/टीएन १ संकरण से परीक्षण किए गए १४७ एफ$_२$ पौधों में से फूल आने की अवस्था में सिर्फ १३४ एफ$_२$ पौधों में व्हाइट इयर हेड दिखा गया।

ट्रांसजेनिक चावल का विकास

Cry1Aabc जीन का समावेश करके ट्रांसजेनिक चावल विकास करने का प्रयास किया गया जो पीला तना छेदक को प्रतिरोध कर सकता है। स्वर्णा से व्युत्पन्न उच्च भ्रूणीय कैली का Cry1Aabc जीन कान्सट्रक्ट से आलेपित गोल्ड कणिकाओं के साथ बौछार किया गया तथा चयन के लिए रखे गए ७७० कैली में से १५० कैली जीवित पाए गए तथा ये चयन के द्वितीय चक्र में हैं।

एक अन्य परीक्षण में, गायत्री और स्वर्णा से व्युत्पन्न उच्च भ्रूणीय कैली को *एग्रोबैक्टेरियम* प्रभेद LBA4404 जिसमें pDREB1A है तथा जीनप्ररूपों के क्रमशः १२० तथा १५० कैली हैं, के साथ सह-संवर्धित किया गया और पूर्व-पुनर्जनन मीडिया पर रखा गया है।

ट्रांसजेनिक पूसा बासमती-१ पौधे वांछित जीन T चितिनेस एवं Chi-11 के लिए सकारात्मक पाए गए तथा स्वर्णा और गायत्री चावल का संकरण करके F_1 संकर प्राप्त करने के लिए दाता जनकों के रूप में प्रयोग किए गए। बाद में, स्वर्णा और गायत्री अपनी-अपनी पृष्ठभूमियों में ट्रांसजिन्स के स्थानांतरण के लिए आवर्त्तक जनकों के रूप में प्रयोग किए जा रहे हैं। अब, स्वर्णा चावल के साथ BC_4 पीढ़ी के पौधे तथा गायत्री चावल के साथ BC_1 पीढ़ी के पौधे उपलब्ध हैं।

नाशककीटों तथा परभक्षियों पर फसल स्थापना तकनीकों का प्रभाव

पारंपरिक पद्धति तथा एसआरआई खेती पद्धति के अंतर्गत ललाट कृषिजोपजाति में नाशककीटों तथा परभक्षियों पर फसल स्थापना तकनीकों के प्रभाव का अंध्ययन किया गया। पारंपरिक पद्धति से खेती की गई फसल के खेत में गंधी बग (५/मार) तथा तना छेदक से अधिक क्षति (२.८% व्हाइट इयर हेड) हुई जबकि एसआरआई पद्धति वाले खेत में कोई क्षति नहीं हुई। एसआरआई पद्धति वाले खेत में हरा पौध माहू की तादाद ४/मार थी जबकि पारंपरिक पद्धति वाले खेत में इसकी तादाद १.४/मार थी। परभक्षियों में, एसआरआई पद्धति वाले खेत में डामसेल फ्लाई की तादाद ४/मार पाई गई जबकि पारंपरिक पद्धति वाले खेत में ६.४/मार पाई गई तथा एसआरआई पद्धति वाले खेत में मकड़ी की तादाद १.६ /मार पाई गई एवं पारंपरिक खेतों में ०.६/मार पाई गई।

प्रमुख नाशककीटो के प्रति सहिष्णुता/प्रतिरोधिता के लिए नए स्त्रोतों की पहचान

खरीफ २०१० के दौरान जालीघर परिस्थिति के अंतर्गत कृत्रिम संक्रमण पद्धति से पीला तना छेदक प्रतिरोधिता के चयन के दौरान तीन प्रविष्टियां यथा-एसी ४२५६७ एसी ४२५७८ तथा एसी ४२५८१ पीला तना छेदक के प्रति अत्यधिक प्रतिरोधी पाई गई। क्षति का स्तर स्केल १ में

recording < 20% damage in the scale 1 and ten accessions *viz*., AC 42494. AC 42500, AC 42543, AC 42547, AC 42551, AC 42557, AC 42558, AC 42559, AC 42561, AC 42576 were found to be resistant with damage scale of 3 as per SES scale.

YSB Incidence in Irrigated and Shallow Rainfed Lowland Ecosystem IPM

During Oct 2010, the pheromone trap catch showed 0-9 male moths/trap/SMW (Standard Meteorological Week), the highest of nine male moths appearing in 44 and 45 SMW. But the population was considerably low as compared to the previous year (2009) in which a large brood emergence was experienced towards 43 and 44 SMW with 30-31 male moths/trap. This late emergence of high population of YSB infested the mid-duration varieties like Pooja and devastated the late duration varieties like Varshadhan through higher white ear head (WEH) formation. The present year experienced a very small population during October which was also evident from the WEH formation ranging from 2.7 to 4.6% in all the treatments including untreated control. The low YSB population might be due to the continuous rain during 6 – 9 Oct and again during 14 – 16 Oct 2010.

Workshops Organized

A launching Workshop of DBT India-IRRI Network project "From QTL to Variety: Marker Assisted Breeding of Abiotic Stress tolerant rice varieties with major QTL's for Drought, Submergence and Salt Tolerance" was held at CRRI on 23 Nov 2010.

२०% से कम हुई तथा इस प्रविष्टियां एसी ४२४९४, एसी ४२५००, एसी ४२५४३, एसी ४२५४७, एसी ४२५५१, एसी ४२५५७, एसी ४२५५८, एसी ४२५५९, एसी ४२५७६ प्रतिरोधी पाई गईं तथा एसईएस स्केल के अनुसार नुकसान का स्केल ३ था।

सिंचित तथा उथली वर्षाश्रित निचलीभूमि पारितंत्र में पीला तना छेदक का प्रकोप

वर्ष २०१० के अक्टूबर के दौरान फेरोमेन ट्रैप का प्रयोग किया गया और यह पाया गया कि ०-९ नर कीट/ट्रैप/एसएमडब्ल्यू (मानक मौसम विज्ञान सप्ताह) है, जो ४४ और ४५ एसएमडब्ल्यू में सर्वाधिक प्रकट होते हैं। पिछले वर्ष (२००९) की तुलना में कीटों की संख्या कम रही जब ४३ एवं ४४ एसएमडब्ल्यू में बड़ा अंड समूह पाया गया जिसने ३०-३१ नर कीट/ट्रैप पाए गए। पीला तना छेदक कीटों के विलंबित आविर्भाव के कारण मध्य अवधि किस्में जैसे पूजा आक्रांत हुई तथा लंबी अवधि किस्में जैसे वर्षाधान के अत्यधिक व्हाइट इयर हेड के कारण फसल की भारी क्षति हुई। चालू वर्ष के अक्टूबर के दौरान कीटों की कम संख्या पाई गई जिससे व्हाइट इयर हेड का प्रकोप हुआ एवं अनियंत्रित उपचार सहित सभी उपचारों में २.७ से ४.६% पाई गई। ६-९ अक्टूबर तथा फिर १४ से १६ अक्टूबर २०१० के दौरान लगातार वर्षा के कारण पीला तना छेदक कीटों की संख्या में कमी आई।

कार्यशाला आयोजित

सीआरआरआई, कटक में २३ नवंबर २०१० को क्यूटीएल से किस्मः सूखा, निमग्नता तथा लवण सहिष्णुता के लिए प्रमुख क्यूटीएलों सहित अजैविक दबाव सहिष्णु चावल किस्में का चिन्हक सहायता प्रजनन' विषय पर जैवप्रौद्योगिकी विभाग भारत-आईआरआरआई नेटवर्क परियोजना के एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

Participants of the launching workshop of DBT India-IRRI Network Project.

A workshop under NAIP funded project "Development and Maintenance of Rice Knowledge Management Portal (RKMP)" for Content Development was organized on 24 Nov 2010 with the joint association of CRRI, Cuttack and RRS, Chinsura, West Bengal. Chief guest Dr P. Sen, JDA (Research), Government of West Bengal inaugurated the workshop and appreciated the efforts of CRRI in developing the Rice Portal. A total of 80 participants from state department, NGOs, BCKVV, industries and farmers contributed towards content development. Dr C. Kundu, JDA RRS, Chinsura coordinated the workshop and Dr G.A.K. Kumar Senior Scientist CRRI cum Co– PI, RKMP conducted the session.

Another RKMP Content Development workshop was held at Bihar Agricultural University, Sabour, Bhagalpur on 13 Dec 2010. Dr M.L. Choudhary, Honorable Vice-Chancellor inaugurated the workshop and addressed the rice researchers, extension workers, scientists, rice miller, rice traders and farmers participated in the workshop. Dr G.A.K. Kumar, Co-PI, RKMP conducted the workshop. Dr P.K. Singh coordinated the workshop under the leadership of Dr A.P. Singh, Dean (Agriculture), Bihar Agricultural University, Sabour.

A workshop on "Awareness and Monitoring of Consortium for e-Resources in Agriculture (CeRA)" was organized at the institute on 8 Dec 2010. Dr H. Chandrasekharan, Principal Investigator and Head, Unit of Simulation and Informatics, IARI, New Delhi interacted with the scientists and staff on various issues relating to its utilities.

Training Programmes

A training programme on "Rice Production Technology" was held from 4-8 Oct 2010, sponsored by ATMA, Pakur, Jharkhand was attended by 24 progressive farmers. Dr (Mrs) Lipi Das coordinated the programme.

A training programme on "Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights Act-2001" was held on 11 Oct 2010 sponsored by Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights Authority, New Delhi, was attended by 118 farmers, extension functionaries, scien-

Rice Production Technology training is in progress.

सीआरआरआई, कटक तथा आरआरएस, चिनसुरा के संयुक्त सहयोग से २४ नवंबर २०१० को आरआरएस, चिनसुरा में विषयवस्तु विकास के लिए एनएआईपी वित्तपोषित परियोजना 'चावल ज्ञान प्रबंधन पटल का विकास एवं अनुरक्षण' के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ.पी. सेन जेडीए (अनुसंधान) पश्चिम बंगाल सरकार इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि थे एवं उन्होने इस का उद्घाटन किया। उन्होने चावल पटल के विकास के लिए सीआरआरआई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। राज्य विभाग, गैर-सरकारी संगठनों, विधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, उद्योगों तथा किसान के कुल ८० प्रतिभागियों ने विषयवस्तु विकास के लिए योगदान किया है। डॉ सी कुंडू, जेडीए आरआरएस, चिनसुरा ने कार्यशाला का समन्वयन किया तथा डॉ.जी.ए.के.कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, सीआरआआई एवं सहायक प्रधान अन्वेषक, आरकेएमपी ने सत्र का परिचालन किया।

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में १३ दिसंबर २०१० को चावल ज्ञान प्रबंधन पटल पर एक और विषयवस्तु विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ.एम.एल. चौधरी, माननीय कुलपति ने कार्यशाला का उद्घाटन किया तथा सभा को संबोधित किया जिसमें चावल शोधकर्ता, विस्तार कार्मिक, वैज्ञानिक, चावल मिल मालिक, चावल व्यापारी तथा किसान शामिल थे। डॉ.जी.ए.के. कुमार से कार्यशाला का संचालन किया। बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कृषि के संकायाध्यक्ष डॉ.ए.पी. सिंह के नेतृत्व में डॉ.पी.के. सिंह ने कार्यशाला का समन्वयन किया।

संस्थान में ८ दिसंबर २०१० को 'कृषि में ई-संसाधन के लिए जगरूकता तथा निगरानी संकाय' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ.एच चंद्रशेखरन, प्रधान अन्वेषक तथा अध्यक्ष, युनिट ऑफ सिम्यूलेशन एंड इन्फारमेटिक्स, आई ए आर आई, नई दिल्ली ने वैज्ञानिकों तथा अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ इससे जुड़े उपयोगिताओं के बारे में विचार-विमर्श किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

'चावल उत्पादन प्रौद्योगिकी ' विषय पर ४ से ८ अक्टूबर २०१० के दौरान एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसे 'आत्मा', पाकुर, झारखंड ने प्रायोजित किया था। इसमें २४ प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया एवं डॉ. लिपि दास ने इसका समन्वयन किया।

'पौध किस्मों की सुरक्षा तथा किसान अधिकार अधिनियम-२०१०' विषय पर ११ अक्टूबर २०१० को एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसे पौध किस्म सुरक्षा तथा किसान अधिकार प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया था। इसमें ११८ किसानों, विस्तार कार्मिकों, वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

Trainees of the "Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights Act-2001" training programme.

tists and coordinated by Dr S.R. Dhua, Nodal Officer (Seeds) of CRRI.

A self financing training programme on "Seed Production Technology with special reference to Hybrid Rice" was held from 10 to 12 Nov 2010 was attended by 14 officers, scientists of SAU's, State Seed Corporation Agencies, Private Seed Companies. The programme was coordinated by Dr. S.R. Dhua, Nodal Officer (Seeds) of CRRI.

KVK Activities

Santhapur, Cuttack

Six off-campus and one on-campus training programmes were conducted on mushroom cultivation, INM in field crops, nursery raising of cauliflower and cabbage, crop diversification, nutritional gardening and leadership development. A total of 210 farmers/farm women/rural youths of KVK adopted villages namely, Beinpur, Abhayanpur, Matanagar, Baranga, Mania and Patpur, were participated and benefited.

FLD on Oyster Mushroom cultivation, oilseed and back yard poultry were conducted at villages, Haridpal, Abhayapur, Panijhili, Baranga and Patpur by involving 90 farmers and farmwomen.

Animal health camp at village Kadei of Tangi-Choudwar block.

डॉ.एस आर धुआ, नोडल अधिकारी (बीज) सीआरआरआई ने इस कार्यक्रम का समन्वयन किया।

'संकर चावल बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी' विषय पर १० से १२ नवंबर २०१० के दौरान एक स्वयं वित्तपोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें १४ अधिकारियों, राज्य कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, राज्य बीज निगम एजेंसियों, निजी बीज कंपनियों ने भाग लिया। डॉ.एस आर धुआ, नोडल अधिकारी (बीज) सीआरआरआई ने इस कार्यक्रम का समन्वयन किया।

कृषि विज्ञान केंद्र क्रियाकलाप

संथपुर, कटक

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अपनाए गए गांवों के किसानों के खेतों में मशरूम खेती, खेत के फसलों में समेकित पोषण प्रबंधन, फूलगोभी तथा बंदगोभी के लिए नर्सरी की तैयारी, फसल विविधकरण, पौषणिक वाटिका तथा नेतृत्व विकास पर छः ऑफ-कैंपस तथा एक ऑन-कैंपस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। बैनपुर, अभयानपुर, मातापुर, बारंग, मनिया तथा पाटपुर के गांवो से कुल २१० किसानों/महिला किसानों/ग्रामीण युवकों ने भाग लिया तथा लाभान्वित हुए।

हरिडापाल, अभयापुर, पाणिझिली, बारंग, तथा पाटपुर के गांवों में शुक्ति मशरूम खेती, तेलबीज तथा पश्चप्रांगण कुक्कुट पालन पर ९० किसानों एवं कृषक महिलाओं के लिए अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

The KVK organized two Animal Health Camps at villages Kadei and Ganeswarpur of Tangi Choudwar block, where 310 animals were treated against repeat breeding, parasitic diseases and debility.

